# टीकमगढ़



नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026


एक नजर में

## कार्यशाला में महिला कृषक रहींशामिल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ में कृषि वर्ष-2026 के उपलक्ष्य में परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के कृषकों को शासन की मंशानुसार जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर उन्मुख करना रहा। जिला स्तरीय कार्यशाला में जिले के विभिन्न विकासखंडों से लगभग 200 कृषक बंधु एवं महिला कृषकों की सहभागिता रही।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष रामरतन लोधी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लोधी के द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया तथा इसके आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कृषि विस्तार अधिकारी के पी अहिरवार द्वारा किया गया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ एस के सिंह, डॉ आर के प्रजापति एवं डॉ एस के जाटव द्वारा जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# देवालयों में मनाया माता अंजनी के लाल का जन्मोत्सव

मंदिरों में हनुमान जयंती पर दिनभर हुआ कार्यक्रम

शाम के समय शहर के नजरबाग मंदिर से निकली शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। गुरुवार को हनुमान प्रकटोत्सव पर सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए है। शहर के प्रसिद्ध बजरंग अखाड़ा, रौरैया हनुमान और नजरबाग मंदिर सहित बानपुर मार्ग पर स्थित माता अंजनी मंदिर के अलावा सभी प्रमुख देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। ब्रह्म मुहूर्त में भगवान का अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसके बाद मंगल आरती संपन्न हुई।**





हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शाम 5 बजे प्राचीन नजरबाग मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए वापिस नजरबाग मंदिर पहुंची जहां यात्रा का समापन किया गया। बल्देवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्व दीपक मिश्रा ने बताया कि यात्रा नगर भ्रमण के बाद किले में ही महाआरती के साथ आयोजन का समापन हुआ। शहर के केंद्र में स्थित 17वीं-18वीं शताब्दी के परित्राण मंदिर में सुबह से विशेष दर्शन का सिलसिला जारी रहा। राजा विक्रमाजीत द्वारा निर्मित इस मंदिर के ऊंचे शिखर तक पहुंचने के लिए 40 सीढ़ियां बनी हैं। बुंदेली हस्तशिल्प शैली में बने इस ऊंचे मंदिर का उपयोग राजशाही काल में सैनिकों द्वारा वाच टावर के रूप में किया जाता था। बजरंग अखाड़ा मंदिर में दोपहर 12 बजे से अनवरत भजन-कीर्तन का कार्यक्रम जारी रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने बताया कि शाम को भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। इसके बाद रात्रि में विशाल भजन संध्या हुई जिसमें स्थानीय और बाहर से आए कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। बड़ागांव धसान स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भी विशेष आयोजन किए गए। स्थानीय निवासी चरण सिंह ने बताया कि यहां हनुमान जी की स्वयंभू प्रतिमा एक विशाल पीपल के पेड़ के नीचे स्थित है। इस प्राचीन स्थल की विशेषता यह है कि प्रतिमा के ऊपर आज तक कभी छत का निर्माण नहीं हो पाया है, जो इसे अन्य मंदिरों से अलग बनाता है। शहर के अलावा नगर परिषद कारी, बल्देवगढ़ और जतारा, खरगापुर, पलेरा, मोहनगढ़ में भी गाजे-बाजे के साथ शोभायात्राएं निकाली गई। धजरई हनुमान मंदिर के महंत सीताराम दास महाराज ने बताया कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला है।

### नगरीय क्षेत्रों को सजाया गया आकर्षक

हनुमान जयंती के मौके पर खरगापुर नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित हनुमान चोपड़ा मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर खरगापुर नगर का संपूर्ण बाजार बंद कर व्यापारी शोभायात्रा में शामिल हुए। पलेरा में हनुमान जयंती पर शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत होगा। पलेरा नगर में हनुमान जन्मोत्सव समिति के द्वारा समूचे नगर को रोशनी से सजा दिया गया था। शोभायात्रा में भक्तों का स्वागत किया गया। इसके अलावा नगर के प्रसिद्ध हरितला सरकार मंदिर में सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ।

### जिलेभर में पर्व को लेकर भक्तों में दिखा उत्साह

हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रसिद्ध धजरई हनुमान मंदिर में भगवान के जन्मोत्सव पर छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड पाठ हुआ। इसके अलावा जिले के जतारा, खरगापुर, बल्देवगढ, पलेरा सहित समूचे नगरीय क्षेत्रो में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। जिले भर में शोभायात्रा के दौरान भक्तों की टोली, जयघोष, ध्वज-पताकाएं, आकर्षक झांकियां और श्रद्धा से सजे झांकियों की झलक देखने लायक रही। इसके अलावा नगर पलेरा के मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजन होते रहे।

## बारिश के साथ ओलावृष्टि से आवागमन बाधित



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। बुधवार रात अचानक मौसम बदल गया। जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर कुंडेश्वर के पास खिरिया, चरपुवां और हरपुरा गांवों में तेज बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई। सड़कें ओलों की सफेद चादर से ढक गईं। कुंडेश्वर-महरौनी रोड पर वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।**

पहाड़ी खुर्द निवासी सुरेंद्र यादव ने बताया कि लगभग 15 से 20 मिनट तक चने के आकार के ओले गिरे। इस दौरान धरती पर करीब 4 इंच मोटी ओलों की परत जम गई। इससे पहले सोमवार रात को भी मौसम में बदलाव आया था और कुछ इलाकों में बारिश दर्ज की गई थी।भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। बुधवार को अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को जिले के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। आगामी 8 से 10 दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है। इसके बाद 15 अप्रैल से गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा और गर्म हवाएं चलने लगेंगी। गुरुवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की हवा चल रही है।

# वृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरुकता के लिए चल रहा अभियान




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ग्वारहवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ वाराणसी के मनोज कुमार शर्मा उप-महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में आपदा प्रबंधन एवं प्रशिक्षण हेतु वृहद पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता, स्कूल सुरक्षा एवं क्षमता निर्माण के कार्यक्रम के अभियान चला रही है।**

इसीक्रम में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ वाराणसी के निरीक्षक निवास मीना एवं उनकी टीम के द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जिला में आपदा प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आपदा प्रबंधन के तकनीकों को टीम द्वारा डेमोंसट्रेशन, क्रियान्वित किया गया। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत आपदाओं से बचने व उसके नुकसान को कम करने के तरीके बताएं गए। अग्निशमन यंत्र चलाना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंप्रोवाइज मेथड से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, फर्स्ट एड देना, सर्पदंश के समय उपचार देने के तरीके शामिल थे। प्राकृतिक आपदाओं एवं मानवीय आपदाओं से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में आरपी सांडीईलसहित अन्य स्टॉफ एवं छात्र छात्रायें उपस्थित थे। एन डी आर एफके इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सभी लोगों ने सरहना किया। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता एवं प्रशिक्षण हेतु एनडीआरएफ टीम का आगमन रहा। एनडीआरएफटीम द्वारा आपदा से बचाव, प्राथमिक उपचार, सुरक्षा उपाय बताए।

## भाजपा का प्रशिक्षण महा अभियान शुरू

**नवभारत न्यूज पलेरा। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान अंतर्गत पलेरा मंडल में एक विशाल और ऊर्जावान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री राहुल सिंह भैया और भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत उपस्थित रहीं। उनके साथ मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। पंडित दीनदयाल के वारे में प्रकाश डाला।

# खनिज विभाग टीम ने रेत के लिफ्टर को किया नष्ट



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में खनिज राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने लिधौरा तहसील के रतनगुवा गाँव में डोडा घाट पर आकस्मिक जांच की।**

जांच के दौरान मौके पर नदी में लिफ्टर डला पाया गया, जिसे जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकाल कर नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार नदी किनारे रखे एक रेत के ढेर को भी नदी क्षेत्र में वापिस गड्ढों में फैला दिया गया। इस संयुक्त कार्यवाही में सहायक खनिज अधिकारी कुलदीप जैन एवं खनिज टीम,नायब तहसीलदार सावंत सिंह, नायब तहसीलदार कसोरिया, पुलिस बल एवं पटवारी शामिल रहे। जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व पुलिस की संयुक्त टीम ने लिधौरा तहसील के रतनगुवा गाँव में डोडा घाट पर आकस्मिक जांच की।

## अधिकारियों ने जतारा जेल का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट नूतन रावते द्वारा डॉ. जया श्रीवास्तव सदस्य किशोर न्याय बोर्ड एवं भारत भूषण झा विधि सह परिवीक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से उपजेल जतारा जाकर निवासरत बंदियों में नाबालिगों की जाँच हेतु निरीक्षण किया गया।**

जेल में निरूद्ध बंदियों में से ऐसे बंदियों की जाँच की गई, जो कथित आपराधिक घटना के समय 18 वर्ष से कम आयु के हों और समुचित आयु जाँच किए बिना गलती से या लापरवाही से जेल में निरूद्ध हो गए हों। जेल में निरूद्ध समस्त बंदियों तथा जेल स्टाफ को इस संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया।

# जल गंगा संवर्धन को जन आंदोलन बनाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अभियान को जन आंदोलन बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्ययोजना तैयार कर अभियान अंतर्गत किये गये कार्यो को भारत सरकार के जल संचय-जन भागीदारी जेएसजेबी पोर्टल पर दर्ज करायें। उन्होंने ग्राम पंचायतों में उक्त समस्त कार्य आगामी तीन माह की अवधि में प्राथमिकता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।**



बैठक में पूर्व वर्षों के जल संरक्षण एवं संवर्धन के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने, प्राचीन एवं पारंपरिक जल निकायों के जीर्णोद्धार,मरम्मत, पुराने तालाब, चौकडेम, स्टापडेम की जनसहयोग के माध्यम से डीसिल्टिंग, पूर्व वर्षों के चौकडेम, स्टापडेम के मरम्मत के कार्य, आंगनबाड़ी भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख स्थलों पर गर्मियों में पेयजल सुविधा हेतु जनसहयोग से सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करना, अमृत सरोवर में आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों के माध्यम से मत्स्य पालन किया जाना एवं मत्स्य विभाग के परामर्श अनुसार समयवद्ध कार्य करना, एक बगिया माँ के नाम स्वीकृत कार्यों में गेप फिलिंग कराना, ग्राम पंचायतों में सिपरी एप का उपयोग कर उपयुक्त स्थलों पर कंटूर ट्रेन्च का निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत पंचायतों में ग्रे-वाटर प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने एवं अभियान अंतर्गत किये गये कार्यो को भारत सरकार के जल संचय-जन भागीदारी जेएसजेबी पोर्टल पर दर्ज किये जाने के निर्देश दिये गये।

# रिसोर्स कोऑर्डिनेटर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

कार्यक्रम में जतारा के भाजपा विधायक हुए शामिल

गणमान्य नागरिको ने कर्मचारी के कार्य की सराहना की

**नवभारत न्यूज, पलेरा। जनपद शिक्षा केंद्र पलेरा में लंबे समय तक अपनी सेवाएँ देने वाले ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर भानुप्रकाश श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।**




जानकारी के अनुसार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं जतारा विधायक हरिशंकर खटीक उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीवास्तव को पुष्पहार पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि शासकीय सेवा से निवृत्ति एक संवैधानिक प्रक्रिया है, लेकिन समाज और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की अमिट छाप हमेशा बनी रहती है। कार्यक्रम में पलेरा क्षेत्र के समस्त शिक्षक संघ और स्थानीय पत्रकार बंधुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने श्री श्रीवास्तव के सरल स्वभाव और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला। उपस्थित जनों ने उन्हें मालाओं से लाद दिया और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए मंगलकामनाएं कीं। विदाई के क्षणों में वातावरण काफी भावुक नजर आया।

सहकर्मियों ने श्री श्रीवास्तव के साथ बिताए गए समय को याद किया। अंत में श्री श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलेरा क्षेत्र के लोगों और शिक्षक साथियों से मिला प्रेम और सहयोग उनके जीवन की अनमोल पूंजी है। जनपद शिक्षा केंद्र पलेरा में लंबे समय तक अपनी सेवाएँ देने वाले ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर भानुप्रकाश श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्रवाई ▶ 69 हजार 975 रुपए का लगाया जुर्माना

# बिजली विभाग ने रोजगार सहायक के घर की छापामार कार्रवाई

**नवभारत न्यूज, पलेरा। क्षेत्र में बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत बिजली विभाग को बड़ी सफलता मिली है। विभाग की टीम ने एक रोजगार सहायक के घर पर छापा मारकर बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। कार्रवाई के बाद संबंधित व्यक्ति पर 69,975 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।**




प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक अभियंता लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में विभागीय टीम ने पलेरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान रोजगार सहायक प्रवेंद्र सिंह के निवास पर जांच की। जांच में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया। इसके बाद विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। विभाग ने मामले में 69,975 रुपये की रिकवरी निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली चोरी के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह भी जानकारी सामने आई है कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पहले भी जांच की कार्रवाई की जा चुकी है।विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में कुल 437 बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए। इनमें से 124 मामलों में वसूली की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। विभाग ने 224 लाख रुपये के राजस्व लक्ष्य के मुकाबले 120 लाख रुपये की वसूली की है, जो लगभग 55 प्रतिशत है।बिजली विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह सरकारी कर्मचारी हो या आम नागरिक, सभी पर समान रूप से कार्रवाई होगी।

विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा भारी जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इस कार्रवाई में विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। विभाग अब शहर में बिजली नुकसान कम करने और राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। क्षेत्र में बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत बिजली विभाग को बड़ी सफलता मिली है। विभाग की टीम ने एक रोजगार सहायक के घर पर छापा मारकर बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। कार्रवाई के बाद संबंधित व्यक्ति पर 69,975 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### विभाग ने अभी तक किए 437 मामले दर्ज

विभाग ने मामले में 69,975 रुपये की रिकवरी निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली चोरी के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह भी जानकारी सामने आई है कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पहले भी जांच की कार्रवाई की जा चुकी है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च में कुल 437 बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए।

## चंदेली तालाब के घाट पर उतारी आरती

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मध्यप्रदेश जनाभियान परिषद नवाकुर संस्था खरों द्वारा जल गंगा अभियान के अन्तर्गत चंदेली तालाब पर बने स्नान घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। नवाकुर संस्था खरों ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति प्रमुख ह्रदेश कुमार सेन की अध्यक्षता में राजकुमार जैन ब्लाक समान्यवयक द्वारा चंदेली लताब घाट पर गंगा पूजन कर आरती की गई।**

इस दौरान सभी समाजसेवी युवाओं ने मिलकर घाट पर पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही सभी को जल सरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व नशा से युवाओं को दूर रखने के लिये आव्हान किया। सभी ने मिलकर शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में गजेश सेन, विनय पाल, प्रशांत सेन राहुल रजक ,नरेन्द्र यादव नीलेश रजक मौजूद रहे।

## नलकूपों के खनन पर लगाया प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने आगामी वर्षाकाल आरंभ होने की कालावधि 15 जुलाई 2026 तक के लिये जिले के संपूर्ण क्षेत्र एवं परिसीमा को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।**

व्यक्ति टीकमगढ़ जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा के बगैर किसी भी प्रयोजन के लिये नवीन नलकूप खनन नहीं करेगा। अधिनियम के प्रावधान लागू होने की तिथि से कोई भी व्यक्ति पेयजल स्त्रोत तथा समस्त नदी, नालों, तालाबों बाबड़ियों आदि जल-स्त्रोतों का उपयोग सिंचाई, औद्योगिक अथवा व्यावसायिक प्रयोजन हेतु जिसमें जिलांतर्गत संचालित समस्त निजी वाहन धुलाई सेंटर भी शामिल है सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर पेयजल का दुरूपयोग नहीं करेगा एवं उपलब्ध पेयजल स्त्रोत,हैण्डपंप,नलकूप आदि के 150 मीटर की परिधि में निजी उद्देश्यों के लिये हैण्डपंप अथवा ट्यूबबैल खनन नहीं करेगा। इस दौरान शासकीय विभागों द्वारा लोक हित में पेजयल हेतु नलकूपों का खनन छोड़कर, सभी प्रकार के नलकूपों के खनन प्रतिबंधित रहेंगे। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लिखित अनुशंसा पर, विशेष परिस्थितियों में व आपात्कालिक स्थिति की दशा में क्षेत्रांतर्गत अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी पेयजल हेतु निजी नलकूप खनन की अनुमति दे सकेंगे। इसके लिये क्षेत्रांतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है।मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अधीन पारित आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर अधिनियम की धारा के तहत दण्डनीय होगा।